कोटद्वार, गुरूवार
20 जून 2024
वर्षः 46
अंकः 58 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### चारधाम यात्रा : अब तक 24.60 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

देहरादून , उत्तराखंड की चारधाम यात्रा को शुरू हुए एक महीने से अधिक का समय हो गया है। अभी तक 24.60 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किए हैं।उत्तराखंड सरकार तीर्थ यात्रियों को हरसंभव सुविधा मुहैया कराने के प्रयास कर रही है। तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य पर भी विशेष फोकस रखा गया है। यात्रा मार्ग पर पेयजल की पर्याप्त सुविधा और यात्रियों के ठहरने और खाने–पीने को लेकर भी प्रबंध किए गए हैं।सभी धामों में तीर्थ यात्रियों को दर्शन करने में किसी भी तरह की कोई सुविधा नहीं हो रही है। मानसून सीजन के दौरान तीर्थ यात्रियों को हर संभव सुविधा मुहैया कराने और सभी समस्याओं से निपटने के लिए भी आपदा प्रबंधन विभाग और पर्यटन विभाग ने आपस में समन्वय बनाकर सभी जिलों को एसओपी भेजा है। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू हुई है। अभी तक चारों धामों और हेमकुंड साहिब को मिलाकर 24.60 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। भीड़ सामान्य है। मानसून सीजन के दौरान तीर्थ यात्रियों को हर संभव सुविधा मुहैया कराने के लिए सभी जिलों को एसओपी भेजा गया है।

### दिल्ली–एनसीआर में 30 जून को आएगा मानसून

नई दिल्ली ,दिल्ली–एनसीआर में जारी भीषण गर्मी से आने वाले कुछ दिनों में निजात मिलने की संभावना है। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आने वाले दो दिनों तक मौसम विभाग ने गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। हीटवेव के साथ–साथ लोगों को गर्म हवाओं और लू का भी सामना करना पड़ेगा।मौसम विभाग के मुताबिक जल्द ही एनसीआर के लोगों को हल्की बारिश के चलते कुछ राहत मिलने की संभावना है।

दिल्ली–एनसीआर समेत देशभर में पड़ रही भीषण गर्मी के बारे में आईएमडी वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने बताया है कि हमने मंगलवार को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली–एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार के लिए रेड अलर्ट जारी किया था, लेकिन बुधवार को स्थिति में सुधार हुआ। बिहार में बारिश की गतिविधि हुई है। इसके बाद पंजाब, हरियाणा और दिल्ली–एनसीआर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए अगले दो दिनों तक रेड अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को उत्तर प्रदेश के लिए भी रेड अलर्ट रहा।

उन्होंने बताया कि दिल्ली–एनसीआर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। 30 जून के आसपास दिल्ली–एनसीआर में मानसून के आने की उम्मीद है। बुधवार को भी दिल्ली में धूल भरी आंधी और हल्की बारिश की गतिविधि की उम्मीद कर सकते हैं। पश्चिमी विक्षोभ के चलते आंधी और हल्की बारिश से एनसीआर वालों को थोड़ी राहत मिल सकती है, लेकिन जब तक मानसून पूरी तरीके से नहीं आता है, तब तक अधिकतम तापमान के 42 डिग्री से ज्यादा ही बने रहने की उम्मीद है, जो लोगों के लिए दिक्कत की वजह हो सकती है। अभी भी पूरी तरीके से भीषण गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिलने वाली है।

### अमृतपाल को झटका, एनएसए की अवधि 1 साल बढ़ी

चंडीगढ़ ,खालिस्तानी समर्थक एवं खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल के साथियों पर एनएसए एक साल और बढ़ा दिया गया है।

अमृतपाल के 9 साथियों पर एनएसए की मियाद 18 जून को यानी कल खत्म हो चुकी थी। अमृतपाल के साथ–साथ उसके सभी 9 साथियों पर भी ऑर्डर लागू किया गया है। फिलहाल, अमृतपाल सिंह अपने साथियों के साथ असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है और लोकसभा चुनावों में भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज की है। पंजाब सरकार के सूत्रों के अनुसार इन आदेशों को लोकसभा चुनावों के दो दिन बाद व परिणाम के एक दिन पहले ही 3 जून को जारी कर दिया गया था। फिलहाल परिवार व अमृतपाल के वकील को भी इसकी पूरी जानकारी नहीं है। उनका कहना है कि अमृतपाल सिंह को हृ्र से बाहर निकालने के लिए प्रयास जारी हैं। 23 फरवरी 2023 को अमृतपाल और उसके संगठन वारिस पंजाब दे के समर्थकों ने अजनाला पुलिस थाने पर हमला कर दिया था।

किसानों के लिए मोदी सरकार की सौगात

# 14 खरीफ फसलों के लिए एमएसपी को मंजूरी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार की प्राथमिकता में किसान हैं। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए खरीफ मौसम की 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी राजग की तीसरी सरकार ने एक दिन पूर्व अपने पहले फैसले पीएम किसान सम्मान निधि के तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राशि जारी की थी। इसमें धान, कपास एवं दलहन जैसी फसलें भी शामिल हैं।

**सरकार प्रतिवर्ष एमएसपी तय करती है**

किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार प्रतिवर्ष एमएसपी तय करती है। एमएसपी की नई दरें 2024–25 के लिए जारी की गई हैं। कैबिनेट की बैठक के बाद बुधवार को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि धान के एमएसपी में प्रति क्विंटल 117 रुपये वृद्धि गई है। अब किसान अपना धान 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बेच सकते हैं। नए एमएसपी पर दो लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे।

**दो लाख नए गोदाम बनाने का फैसला**

यह पिछले फसल सीजन की तुलना में 35 हजार करोड़ रुपये ज्यादा होगा। 2004–14 की तुलना करें तो मोदी के कार्यकाल में हर फसल पर ज्यादा खरीद की गई। पैदावार की सुरक्षा की चिंता करते हुए सरकार ने पंचायत स्तर पर दो लाख नए गोदाम बनाने का फैसला किया है। वैष्णव ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि की सिफारिश तिलहन एवं दालों के लिए की गई है। धान की फसल का एमएसपी 117 रुपये बढ़ाया गया है।

**एमएसपी के दायरे में कुल 23 फसलें शामिल**

कपास का नया एमएसपी 7,121 रुपये होगा। इसकी एक अन्य किस्म का एमएसपी 7,521 रुपये होगा। यह पहले से 501 रुपये ज्यादा है। तिल 632 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर दाल 550 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।एमएसपी वह निर्धारित मूल्य होता है जो किसानों को उनकी उपज की लागत की तुलना में लगभग डेढ़ से गुना ज्यादा होता है।

### सैन्य धाम के आस पास वाले भू स्वामियों को मिलेगी राहत

देहरादून। सैन्य धाम की जमीन को लेकर आ रही दिक्कतों का समाधान तलाश लिया गया है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को सैन्य धाम के आस– पास पांच सौ मीटर के दायरे में निर्माण पर लगी रोक की सीमा घटाने के लिए कहा है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को कैंप कार्यालय में अधिकारियों को सैन्य धाम निर्माण में पेश आ रही दिक्कतों को दूर करने को कहा।

जोशी ने कहा कि सैन्य धाम के पांच सौ मीटर दायरे में निर्माण पर रोक लगाने से कई गतिविधियां प्रभावित हो रही है, इस कारण आस पास के लोगों की जमीन अनुपयोगी हो गई है। इसलिए रोक की सीमा को सौ मीटर तक घटाकर इस समस्या का समाधान निकाला जाए। मंत्री ने कहा शीघ्र ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सैन्य धाम की उच्च स्तरीय कमेटी की बैठक की जाएगी।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप सैन्य धाम को पंचम धाम धाम के रूप में तैयार किया जा रहा है।

# श्रीहेमकुंड साहिब दर्शन को लगा श्रद्धालुओं का तांता



ऋषिकेश। चारधाम यात्रा के साथ ही श्रीहेमकुंड साहिब यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है। रोजाना श्रीहेमकुंड दर्शन के लिए 2500 से ज्यादा श्रद्धालु ऑफलाइन पंजीकरण के लिए काउंटर पर पहुंच रहे हैं। सुबह से लेकर शाम तक रजिस्ट्रेशन के लिए काउंटर पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। शहर में लक्ष्मणझूला रोड स्थित श्रीहेमकुंड गुरुद्वारा में मंगलवार को श्रीहेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। सुबह से लेकर शाम तक काउंटर पर पंजीकरण के लिए श्रद्धालुओं के जत्थे डटे नजर आए। 2500 से अधिक श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराने के बाद श्रीहेमकुंड साहिब की यात्रा प्रारंभ की। वहीं, चारधाम पंजीकरण कार्यालय एवं ट्रांजिट कैंप में अन्य दिनों के मुकाबले तीर्थयात्रियों की भीड़ कम रही। सुबह सात से शाम सात बजे तक खुले काउंटरों पर करीब 2000 यात्रियों ने ऑफलाइन पंजीकरण कराया। रजिस्ट्रेशन के लिए काउंटरों पर यात्रियों के बीच कहीं भी आपाधाबी और मारामारी नजर आई। आसानी से यात्रियों ने पंजीकरण कराकर चारधाम यात्रा का रूख किया। मालूम हो कि चारधाम के लिए 40 लाख से ज्यादा तीर्थयात्रियों को पंजीकरण अभी तक हो चुका है, जिनमें 21 लाख से अधिक यात्री धामों के दर्शन भी कर चुके हैं। उधर, श्रीहेमकुंड साहिब की यात्रा में भी श्रद्धालुओं का आंकड़ा एक लाख को पार चुका है, जिसमें रोजाना बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। अपर आयुक्त गढ़वाल नरेंद्र सिंह क्वीरियाल ने बताया कि चारधाम और श्रीहेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए प्रशासन ने आवश्यक इंतजाम किए हैं। यात्रियों के लिए ठहरने से लेकर सुगम आवागमन को सभी तैयारियां चाक–चौबंद हैं।

# उत्तराखंड में मौसम मेहरबान, झमाझम बारिश के साथ बरसी 'राहत', तापमान में भारी गिरावट



देहरादून। उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक बुधवार को मौसम मेहरबान हो गया और आसमान से झमाझम वर्षा के साथ राहत बरसी। करीब 18 दिन के सूखे के बाद ज्यादातर क्षेत्रों में दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ हुई वर्षा से 10 से 15 डिग्री से. तक की तापमान में गिरावट दर्ज की गई। देहरादून में ही एक घंटे की वर्षा से तापमान करीब 15 डिग्री सेल्सियस लुढ़क गया। फिलहाल उत्तराखंड को भीषण तपिश और लू से राहत मिल गई है। मौसम विभाग के अनुसार, आज भी प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में गरज–चमक के साथ तीव्र बौछार और अंधड़ चलने के आसार हैं। वहीं, अंधड़ के कारण हवाई सेवाओं पर भी असर पड़ा। चारधाम यात्रा से देहरादून लौट रहे चार चार्टर्ड हेलीकॉप्टर की एम्स ऋषिकेश में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। अंधड़ के कारण पेड़ व विद्युत पोल टूटने से कई जगह सड़क मार्ग भी बाधित हुए।

**उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में 40 के पार चल रहा था पारा**

पिछले कई दिनों से दून समेत पूरे प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से पार, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में 35 डिग्री से. तक चल रहा था। बुधवार दोपहर बाद ज्यादातर क्षेत्रों में झमाझम वर्षा हुई। जिससे करीब माहभर से बेहाल कर रही भीषण गर्मी से राहत महसूस हुई। खासकर देहरादून में वर्षा के कारण पारे में करीब एक घंटे के भीतर 15 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। उधर, चारधाम समेत कुमाऊं के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मसूरी और नैनीताल में लंबे समय बाद वर्षा हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, आज देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल व चंपावत में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, वर्षा के तीव्र दौर होने और अंधड़ चलने की संभावना है। इसके अलावा उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में वर्षा व ओलावृष्टि हो सकती है।


**लगातार 11 दिन से 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक था तापमान**

उत्तराखंड लगभग एक माह से भीषण गर्मी की मार झेल रहा है। इस बार मई के बाद जून में भी मैदानी क्षेत्रों में तापमान ने सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिए। जून में एक सप्ताह से अधिक समय से लू के थपेड़ों से आमजन बेहाल थे। लगातार 11 दिनों से मैदानी क्षेत्रों में तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा था, जो कि सामान्य से करीब नौ डिग्री सेल्सियस अधिक है। दून में भी इस बार 122 वर्षों में जून सबसे गर्म रहा।

### अन्नू कपूर की हमारे बारह को मिली बड़ी राहत, बॉम्बे हाईकोर्ट ने फिल्म की रिलीज को दी मंजूरी

मुंबई , फिल्म हमारे बारह का ट्रेलर सामने आने के बाद ही विवाद शुरू हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया था कि मामला कोर्ट तक पहुंच गया था।अब आखिरकार बॉम्बे हाई कोर्ट ने फिल्म को रिलीज करने की अनुमति दे दी है, जिसके बाद फिल्म की टीम ने राहत की सांस ली है।कोर्ट के आदेश पर निर्माताओं ने फिल्म में कुछ बदलावों पर सहमति जताई है। निर्माता की प्रतिक्रिया भी सामने आ गई है। हाई कोर्ट ने फिल्म की रिलीज को अनुमति दे दी है।कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ये मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाती और ना ही कुरान की शिक्षाओं को लेकर कोई गलत बात करती है। ये असल में महिलाओं के उत्थान के उद्देश्य से बनाई गई है और सोचने पर मजबूर करने वाली फिल्म है। ऐसी फिल्म नहीं है, जिससे अपना दिमाग घर पर रखने और केवल इसका आनंद लेने की उम्मीद की जाए। फिल्म के निर्माता कमल चंद्रा ने कहा, जब फिल्म की रिलीज रोक दी गई तो हम बहुत दुखी थे। हमारे बारह अब 21 जून को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हम न्यायालय का शुक्रिया अदा करना चाहते हैं, जिसने हमारी मेहनत का ख्याल रखा। कल फिल्म की बुकिंग खुल जाएगी। फिल्म से जुड़े एक–एक शख्स ने इसे बनाने में बहुत मेहनत की है। हम दुनियाभर के दर्शकों को अपनी इस फिल्म के जरिए एक संदेश देना चाहते हैं।

# केदारनाथ मंदिर समिति को जल्द मिलेगा अपना आशियाना



रुद्रप्रयाग। ग्यारह वर्षों से बेघर केदारनाथ मंदिर समिति को जुलाई महीने में अपना आशियाना मिल जाएगा। केदारनाथ त्रासदी वर्ष 2013 की आपदा के बाद से मंदिर समिति बेघर बनी हुई थी। वर्तमान में हट, किराए के भवनों व अस्थाई काटेजों में ही मंदिर समिति के कर्मचारी से लेकर पुजारी, रावत समेत अन्य भोग मंडी व पूजन कार्य संचालित हो रहा है। भवन निर्माण के बाद मंदिर समिति की व्यवस्थाएं भी सुचारू रूप से संचालित हो सकेंगी।

**2013 की आपदा में सब कुछ हो गए थे ध्वस्त**

वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा में मंदिर समिति के सभी आवासीय कॉलोनी, रावल व मुख्य पुजारी आवास, भोग मंडी और अतिथि गृह त्रासदी की भेंट चढ़ गए थे। इसके बाद मंदिर समिति के लिए बिड़ला ग्रुप ने मंदिर के पास ही हट व कॉटेज का निर्माण किया।

जिसमें मंदिर समिति के अस्थायी कार्यालय समेत मुख्य पुजारी व रावल आवास और मंदिर समिति अधिकारियों के कार्यालय संचालित होते हो रहे हैं। लेकिन अन्य स्टाफ व मंदिर की व्यवस्थाओं का संचालन निजी भवनों से चल रहा है।

# पीएम मोदी के कार्यकाल में नालंदा विश्वविद्यालय का काम तेजी से हुआ : नीतीश कुमार



बिहारशरीफ ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत 17 देशों के मिशन प्रमुख भी मौजूद रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि आज नालंदा विश्वविद्यालय कैंपस का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा है। वे पहली बार राजगीर पधारे हैं। पुराने समय में आसपास के 20–25 किलोमीटर तक के गांव यहां से जुड़े रहते थे। नालंदा विश्वविद्यालय का इतिहास गौरवशाली था। इसकी पहचान ज्ञान के केंद्र के रूप में होती थी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मार्च 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम बिहार आए थे, तब उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की बात कही थी। उसी समय से हम लोगों ने नालंदा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की पहल शुरू की और इसके लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया। लेकिन, किसी कारणवश कार्य में विलंब होने पर राज्य सरकार ने नया कानून बनाया और विश्वविद्यालय की पुनर्स्थापना के लिए 455 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया।


उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश में नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनी और फिर नालंदा विश्वविद्यालय का काम काफी तेजी से होने लगा। वर्ष 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने इसका शिलान्यास किया। वर्तमान में यहां 17 देशों के 400 छात्र–छात्राएं अध्ययनरत हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को इस उदघाटन समारोह में पधारने के लिए बधाई देते हुए कहा कि आपके आने से हमें बहुत खुशी हुई है। केंद्र सरकार बेहतर तरीके से काम कर रही है और काम को आगे बढ़ा रही है।

उन्होंने पुराने नालंदा विश्वविद्यालय की तर्ज पर आसपास के गांवों को विश्वविद्यालय से फिर से जोड़ने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने भरोसा भी दिया कि इसके विस्तार में अगर राज्य सरकार की मदद की जरूरत पड़ेगी तो हम लोग पूरी तरह से इसके लिए तैयार हैं।

### फिलहाल जेल में ही रहेंगे अरविंद केजरीवाल, 3 जुलाई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली ,दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। उनकी न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी गई है यानि तब तक केजरीवाल जेल में ही रहेंगे। केजरीवाल को दिल्ली एक्साइज पालिसी केस में गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वो तिहाड़ जेल में बंद हैं। आज राउस एवेन्यु कोर्ट ने केजरीवाल एवं विनोद चौहान की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी। दोनों की आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। कोर्ट में केजरीवाल के वकील ने विक्रम चौधरी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री है, एक राष्ट्रीय पार्टी के मुखिया है, उनसे समाज को कोई खतरा नहीं है। यह मामला अगस्त 2022 से लंबित है, केजरीवाल को 2024 में गिरफ्तार किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई के अपने आदेश में कहा था केजरीवाल निचली अदालत में ज़मानत याचिका दाखिल कर सकते हैं।

# नए हथियारों से लैस होंगे बंदीरक्षक और जेलर



देहरादून। उत्तराखंड की जेलों में कैदियों की सुरक्षा को तैनात बंदीरक्षक, प्रधान बंदीरक्षक और कारापाल (जेलर) अब नए हथियारों से लैस होंगे। जेल प्रशासन पहली बार पुलिस मुख्यालय की सहायता से इनके लिए 100 एसएलआर और नाइन एमएम की 30 पिस्टल की खरीद करने जा रहा है। अभी तक जेलों में उत्तर प्रदेश के समय से मिले हथियारों का ही प्रयोग किया जाता है।

प्रदेश में इस समय आठ जेल, एक खुली जेल और दो उप जेल मिलाकर कुल 11 जेल हैं। इन जेलों में 3461 कैदियों को रखने की क्षमता है। इसके सापेक्ष इन जेलों में निर्धारित क्षमता से तकरीबन दो गुना, यानी 6600 से अधिक कैदी बंद हैं। इनमें सुनील राठी, प्रवीण वाल्मीकि, नरेन्द्र वाल्मीकि व प्रकाश पांडेय जैसे कुख्यात कैदी भी बंद हैं, जिस कारण जेलों की सुरक्षा को और मजबूत किए जाने की जरूरत महसूस हो रही है।

जेलों की सुरक्षा को लेकर काफी पहले से ही सवाल उठते रहे हैं। यहां से कैदियों का फरार होना, कैदियों के पास मोबाइल मिलना, कुख्यात बदमाशों द्वारा जेल के भीतर से गैंग चलाना, जैसी घटनाएं हो चुकी है। रुड़की जेल के बाहर तो डिप्टी जेलर की हत्या और गैंगवार जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसे देखते हुए यहां तैनात बंदीरक्षकों और जेलर को किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए नए हथियारों से सुसज्जित करने का निर्णय लिया गया है। शासन ने इन जेलों के लिए नए हथियार खरीदने के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके साथ ही सभी बंदीरक्षकों और जेलरों को इन नए हथियारों को चलाने के लिए पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षित करने का भी निर्णय लिया गया है। नए हथियार खरीदे जा रहे हैं तो इन्हें सुरक्षित रखने के लिए एसओपी भी बनाई जा रही है।

# उत्तराखंड में दिलचस्प होगा उपचुनाव, भाजपा की इस चाल से बढ़ेगी सपा–बसपा की मुश्किलें!



देहरादून। विधानसभा की मंगलौर सीट ऐसी है, जिस पर भाजपा राज्य गठन के बाद से अब तक खाता खोलने में कामयाब नहीं हो पाई है। मजबूत प्रत्याशी के अभाव और इस सीट के सामाजिक ताने–बाने के सामने उसे मुंह की खानी पड़ी है। यद्यपि, हाल में लोकसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक सफलता से उत्साहित भाजपा अब मंगलौर सीट के उपचुनाव के लिए नई व्यूह रचना करने जा रही है।

उपचुनाव के प्रचार अभियान में वह प्रत्येक मतदाता से संपर्क करेगी ही, केंद्र एवं राज्य सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देगी। साथ ही डबल इंजन के महत्व को रेखांकित करेगी।

**बसपा विधायक के निधन से खाली हुई सीट**

विधानसभा की मंगलौर सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे बसपा विधायक सरवत करीम अंसारी के निधन के कारण यह सीट रिक्त हुई है। अब इसके उपचुनाव को भाजपा ने चुनौती के रूप में लिया है। यद्यपि, पिछले चुनावों को देखें तो 45 प्रतिशत मुस्लिम, 55 प्रतिशत हिंदू और हिंदुओं में भी लगभग 18 प्रतिशत अनुसूचित जाति के मतदाताओं वाली इस सीट के समीकरणों को साधने में भाजपा सफल नहीं हो पाई।

**भाजपा ने 132 बूथों पर की तैयारी**

हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में राज्य की पांचों सीटें लगातार तीसरी बार जीत कर इतिहास रचने से भाजपा बढ़े मनोबल के साथ मंगलौर सीट के उपचुनाव के मैदान में है। पिछले अनुभवों से सबक लेते हुए इस उपचुनाव में वह नई व्यूह रचना करने जा रही है। इसके लिए पार्टी ने विधानसभा क्षेत्र के सभी 132 बूथों के लिए तैयारी की है। पार्टी के प्रांतीय से लेकर मंडल व बूथ स्तर तक पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जा रही है।

**मुस्लिम नेताओं को साधेगी भाजपा**

मुस्लिम मतदाताओं को साधने के लिए पार्टी यहां पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन को प्रचार के मोर्चे पर उतारेगी। यही नहीं, जाट मतदाताओं में पैठ बनाने को वह केंद्र में भाजपानीत राजग गठबंधन के सहयोगी दल रालोद के नेता एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को प्रचार अभियान में लाने जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उनके मंत्रिमंडल के सदस्य, भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट समेत अन्य नेता भी मोर्चा संभालेंगे।

### बांग्लादेश में भूस्खलन ने मचाई भयंकर तबाही, 9 लोगों की मौत, कई मकान क्षतिग्रस्त

ढाका ,बांग्लादेश के दक्षिण–पूर्वी शहर कॉक्स बाजार में बुधवार भारी बारिश के कारण रोहिंग्या शिविरों में भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हो गयी और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गये।

अतिरिक्त शरणार्थी राहत एवं प्रत्यावर्तन आयुक्त मोहम्मद समसुद्दुजा ने संवाददाताओं को बताया कि भूस्खलन ढाका से लगभग 292 किलोमीटर दक्षिण–पूर्व में कॉक्स बाजार जिले के शिविर संख्या नौ और 10 में हुआ। उन्होंने बताया कि रोहिंग्या लोग कॉक्स बाजार जिले के 33 शिविरों में रह रहे हैं, जहां मंगलवार से भारी बारिश हो रही है। समसुद्दुजा ने बताया कि अधिकारी जोखिम भरी पहाड़ी ढलानों पर रह रहे लोगों को निकालने के लिए काम कर रहे हैं। गौरतलब है कि बांग्लादेश के पहाड़ी इलाकों में भारी मानसून के दौरान अक्सर भूस्खलन होता है, जो आमतौर पर जून से सितंबर तक चलता है।

# बारामूला में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर



श्रीनगर ,। जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया।अधिकारियों ने बताया कि जिले के रफीयाबाद इलाके के हादीपोरा गांव में आज सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। अभी मारे गए दोनों आतंकवादियों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस और सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि इलाके में आतंकवादी छिपे हुए हैं। इसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया था। अधिकारियों ने कहा, जब सुरक्षाबलों की टीम छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंची तो उन्होंने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। परिणाम स्वरूप वहां मुठभेड़ शुरू हो गई जिसमें दो आतंकवादी मारे गये हैं। अधिकारियों के अनुसार, मुठभेड़ अब भी जारी है।हाल के दिनों में पूरे जम्मू–कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ की घटनाएं बढ़ गई हैं। इनमें कई आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया गया है।

## संपादकीय

# जल निकासी प्रबंधन फेल

गर्मी से तप रहे उत्तराखंड के कुछ स्थानों पर हुई बारिश के बाद थोड़ी राहत मिली है लेकिन कुछ जनपदों में बारिश न होने से परेशानियां नजर आ रही हैं। राजधानी देहरादून में मुसराधार बारिश के बाद सड़कों पर बहता पानी और बंद नालियों की हकीकत भी खुलकर सामने आई है। मानसून से पूर्व पहले जल निकासी की उचित व्यवस्था करना बेहद जरूरी है अन्यथा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आम जनता के लिए मानसून काफी कष्टकारी गुजरने वाला है। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से संबंधित विभागों को नदी नालियों की सफाई के साथ–साथ जल निकासी के सभी माध्यमों को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं जिसकी मॉनिटरिंग खुद जिलाधिकारी द्वारा की जा रही है। राजधानी देहरादून में हुई बारिश का असर पहले दिन ही दून की सड़कों पर देखने को मिला जहां सड़कों पर बहता रहा और पूरी सड़क गंदगी से पट गई। चंद घंटों की इस बारिश में नगर निगम के कार्य करने की भी पोल खोल कर रख दी है जिसमें यह स्पष्ट हो गया है कि निगम नियमित तौर पर नदियों की सफाई का कार्य नहीं करता जबकि इसके लिए न केवल बजट पारित किया जाता है बल्कि कर्मचारियों की भी तैनातियां की गई है। यदि नियमित तौर पर नालियों व नालों की सफाई की जाए तो शायद न केवल मानसून, बल्कि साधारण दिनों में भी बारिश से होने वाले जल भराव के कारण परेशानियां उत्पन्न ना हो। मानसून से पहले जिला प्रशासन की ओर से नदी किनारे बसे लोगों को भी चेतावनी जारी की गई है लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत उन स्थानों को लेकर है जहां लोगों ने नदियों के किनारे कब्जे कर लिए हैं और प्रशासनिक चेतावनी के बावजूद भी इन स्थानों को खाली नहीं करते। अक्सर मानसून के दौरान ऐसे अवैध निर्माण नदी के बहाव में बह जाते हैं जिससे कई बार जान माल की हानि भी होती है। प्रशासन ऐसे स्थानों को चिन्हित कर तो रहा है लेकिन क्या मानसून से पूर्व ऐसे अवैध कब्जे व यहां बसे लोगों को हटाया जा सकेगा यह एक बड़ी चुनौती है। प्रशासन की कार्रवाई के दौरान भी अक्सर राजनीति भी देखने को मिलती है जो सरकारी कार्यों को कहीं ना कहीं बाधित करती है। मानसून से पूर्व नगर की जल निकासी को लेकर जो प्रयास किया जा रहे हैं वह संतोषजनक नहीं कहे जा सकते क्योंकि नगर का दायरा बहुत अधिक फैल चुका है और निगम के पास ना तो अधिक संसाधन है और ना ही कर्मचारी। कूड़ा आज भी नालियों का अंदर फेंका जा रहा है जिसके कारण शहरी क्षेत्र की ही कई बड़ी नालियां चौक हो चुकी है। सबसे बड़ी समस्या इन बड़े नालों को लेकर ही है जहां पानी की निकासी न होने के कारण सड़कों पर नदी बहती नजर आती है। फिलहाल एक दिन की बारिश यह प्रदर्शित करने के लिए काफी है कि यदि इसी कछुआ गति से निगम जल निकासी के प्रबंधन का कार्य करता रहा तो मानसून समाप्त होने तक भी यह कार्य पूरे होने वाला नहीं है।

# जी—7 में भरोसेमंद आवाज बन गया है भारत

**अनिल त्रिगुणायत**

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की मेजबानी में 13 से 15 जून तक हुआ जी–7 शिखर सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब अहम बदलावों से गुजर रही दुनिया के सामने कई बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं। इनमें यूरोप और मध्य–पूर्व में जारी दो युद्ध विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं, जो जी–7 देशों– अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, इटली, जर्मनी, ब्रिटेन और जापान– की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं। उदारवादी व्यवस्था बड़े दबाव में हैं, जिसके लगभग पतन के लिए इसके संस्थापक एवं समर्थक भी समान रूप से जवाबदेह हैं। बहुपक्षीय व्यवस्था एवं संस्थाओं को अनसुना कर ये देश एकतरफा फैसले लेते रहे हैं, मनमाने ढंग से आर्थिक एवं वित्तीय पाबंदियां लगायी जाती रही हैं तथा ऐसे उपाय किये जाते रहे, जिनका अनुपालन ये देश स्वयं भी नहीं करते हैं। यह कहा जाना चाहिए कि नये विकल्प के बीज बहुत हद तक इनके द्वारा ही बोये गये हैं। जी–7 की स्थापना 1975 में की गयी थी, जब 1973 के अरब–इस्राइल युद्ध और उसमें अमेरिका की भूमिका की वजह से अरबों ने तेल की आपूर्ति रोक दी थी और सामुद्रिक आवाजाही बाधित हुई थी, जिसके कारण बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को भारी झटका लगा था। पांच दशकों के बाद 50वीं बैठक के सामने भी कुछ उसी तरह की चुनौतियां रहीं, जो कोरोना महामारी, रूस–यूक्रेन युद्ध तथा इस्राइल–हमास संघर्ष के कारण पैदा हुई हैं।

रूस–यूक्रेन युद्ध तथा इस्राइल–हमास संघर्ष बड़े क्षेत्रीय युद्ध का रूप ले सकते हैं, जिनकी चपेट में आकर समूची दुनिया झुलस सकती है। परमाणु तबाही के बारे में बात करना आम चलन बन गया है तथा नये–नये घातक एवं स्वायत्त हथियारों को सामने लाया जा रहा है। साथ ही, चीन आज जी–7 समूह के लिए एक अस्तित्वगत चुनौती बन चुका है। चीन के प्रभाव को रोकने की कोशिश में समूह द्वारा जो तौर–तरीके और उपाय अपनाये जा रहे हैं, उनके कारण रूस और चीन के बीच नजदीकी बढ़ती जा रही है, जो पश्चिम के वर्चस्वादी व्यवहार का प्रतिकार करने का प्रयास कर रहे हैं। इसीलिए ये दोनों देश अपने तरीके से एक नयी विश्व व्यवस्था का प्रचार कर रहे हैं, जिसमें बहुपक्षीय संस्थाओं की प्रमुखता के बारे में कहा जा रहा है। ऐसा विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र के बारे में कहा जा रहा है, जो खुद ही लाचार और बेहाल हो चुका है।

लेकिन इस वैकल्पिक व्यवस्था में ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन और यूरेशिया क्षेत्र पर जोर देना एक वास्तविकता है। वर्तमान समय में जी–7 का पूरा ध्यान यूक्रेन में रूस के आक्रमण तथा अप्रत्यक्ष युद्ध से पुतिन को हराने पर है ताकि यह समूह अपने को बिखर रहे नियम–आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बचाने वाले के रूप में स्थापित कर सके। शिखर बैठक के मुख्य अतिथि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को उन्नत हथियार देने का प्रावधान तथा जब्त रूस की संपत्ति में से 50 अरब डॉलर यूक्रेन को देने पर सहमति से पुनः राष्ट्रपति चुने गये पुतिन और भी अधिक

> **रूस–यूक्रेन युद्ध तथा इस्राइल–हमास संघर्ष बड़े क्षेत्रीय युद्ध का रूप ले सकते हैं, जिनकी चपेट में आकर समूची दुनिया झुलस सकती है। परमाणु तबाही के बारे में बात करना आम चलन बन गया है तथा नये–नये घातक एवं स्वायत्त हथियारों को सामने लाया जा रहा है। साथ ही, चीन आज जी–7 समूह के लिए एक अस्तित्वगत चुनौती बन चुका है। चीन के प्रभाव को रोकने की कोशिश में समूह द्वारा जो तौर–तरीके और उपाय अपनाये जा रहे हैं, उनके कारण रूस और चीन के बीच नजदीकी बढ़ती जा रही है, जो पश्चिम के वर्चस्वादी व्यवहार का प्रतिकार करने का प्रयास कर रहे हैं। इसीलिए ये दोनों देश अपने तरीके से एक नयी विश्व व्यवस्था का प्रचार कर रहे हैं, जिसमें बहुपक्षीय संस्थाओं की प्रमुखता के बारे में कहा जा रहा है। ऐसा विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र के बारे में कहा जा रहा है, जो खुद ही लाचार और बेहाल हो चुका है।**

आक्रमक होंगे। जब तक पश्चिम इस युद्ध में यूक्रेन को सहयोग करता रहेगा, स्थिति में बदलाव नहीं हो सकता है। गलती से अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन बोल गये कि आखिरी यूक्रेनी व्यक्ति के बचे रहने तक यह लड़ाई जारी रहेगी।भू–राजनीतिक रूप से विभाजित शीत युद्ध के दूसरे संभावित संस्करण में जी–7 समूह एक खेमे के रूप में उभरा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भू–आर्थिक दृष्टि से नयी विश्व व्यवस्था में आर्थिक शक्ति के अनेक केंद्र होंगे। इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि पलड़ा पूर्व और दक्षिण की ओर झुका है, जिसमें भारत न केवल एक बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते, बल्कि पूर्व और पश्चिम तथा उत्तर और दक्षिण के बीच पुल निर्माता एवं ग्लोबल साउथ की एक भरोसेमंद आवाज के रूप में भी एक ठोस भूमिका निभायेगा। सिद्धांत आधारित विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता से भारत की शक्ति बढ़ी है, जिसमें ह्यभारत प्रथमह्ल की सोच के साथ विश्व की भलाई एवं कल्याण की भावना प्रमुख तत्व है। उलझी–बिखरी व्यवस्था में इसकी अपनी सीमाएं हो सकती हैं, पर आशा का एक दीप बनने की नैतिक क्षमता भारत में है।

भारत एक तरह से जी–7 का अभिन्न अंग बन चुका है। इसे 11 बार सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं पांच बार इसमें शामिल हो चुके हैं तथा उन्होंने प्रमुख वैश्विक चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त कर बैठकों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद उनका इटली दौरा पहली विदेश यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री मेलोनी के कार्यकाल में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी के लिए कोशिश कर रहे हैं। भारत–मध्य–पूर्व–यूरोप आर्थिक गलियारा दोनों देशों के हितों की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है, हालांकि इस्राइल–हमास संघर्ष की वजह से अभी इस मामले में प्रगति बाधित हुई है।उल्लेखनीय है कि अफ्रीका, भू–मध्यसागर के क्षेत्र तथा हिंद–प्रशांत क्षेत्र में भी जी–7 और भारत के बीच सहयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा नियमन, जलवायु परिवर्तन तथा उन्नत तकनीक से जुड़ी चुनौतियां भी हैं। समूची मानवता के फायदे के लिए इनका उपयोग सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। इन तकनीकों का गलत इस्तेमाल न हो, इसके लिए भी साझा प्रयासों की जरूरत है। इन कारणों से वैश्विक सहकार बहुत अहम हो जाता है, लेकिन बड़ी शक्तियों की आपसी खींचतान और तनातनी से ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है। ऐसे में यह सवाल पैदा होता है कि क्या भारत एक संपर्क–सूत्र की भूमिका निभा सकता है।

भारत ने अपनी कूटनीतिक क्षमता, सार्वभौमिक कल्याण और चिंताओं का प्रदर्शन जी–20 की अध्यक्षता के दौरान बखूबी किया है, जिससे यह इंगित हुआ कि भारत दुनिया की भलाई के लिए सभी को साथ लेकर चलने का आकांक्षी है। सकल घरेलू उत्पादन के मामले में जी–7 समूह की चार बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से भारत आगे निकल चुका है। इसके निरंतर विकास और विश्व में बड़ी भूमिका की कोशिश से वह अपने सिद्धांत–आधारित विदेश नीति को आगे बढ़ाने की स्थिति में है। साथ ही, वह रूस और अन्य देशों को यह भी कह सकता है कि ह्ययह युद्ध का युग नहीं हैह्ल तथा संवाद एवं कूटनीति से ही शांति स्थापित हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के दौरान नेताओं से द्विपक्षीय वार्ता में वैश्विक शांति एवं सहकार के संबंध में भारत की सोच को सामने रखा। भारत की प्राथमिकता ग्लोबल साउथ की चिंता एवं हित हैं।

# गर्मी ने न हिमाचल प्रदेश की सुरम्य वादियों को बख्शा, न उत्तराखंड के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों को

**पंकज चतुर्वेदी**

लोगों के तन से होली के रंग छूटे भी नहीं थे कि पूरा उत्तरी भारत तीखी गर्मी की चपेट में आ गया था। कुछ जगह पश्चिमी विक्षोभ के कारण बरसात भी हुई, पर ताप कम नहीं हुआ। देश के लगभग 60 फीसदी हिस्से में अब 35 से 45 डिग्री की गर्मी के कहर के 100 दिन हो गये हैं और चेतावनी है कि अगले दो हफ्ते मौसम ऐसा ही रहेगा। वैसे भी यदि मानसून आ भी गया, तो भले तापमान नीचे आये, लेकिन उमस गर्मी की ही तरह तंग करती रहेगी।

चिंता की बात है कि इस बार गर्मी के प्रकोप ने न तो हिमाचल प्रदेश की सुरम्य वादियों को बख्शा और न ही उत्तराखंड के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों को। गंगा–यमुना के मैदानी इलाकों में लू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश बुंदेलखंड की तरह तीखी गर्मी की चपेट में आ रहा है। यहां पेड़ों की पत्तियों में नमी के आकलन से पता चलता है कि आगामी दशकों में हरित प्रदेश कहलाने वाला इलाका बुंदेलखंड की तरह सूखे, पलायन व निर्वनीकरण का शिकार हो सकता है। आधा जून बीत गया, पर अभी भी शिमला और मनाली जैसे स्थानों का तापमान 30 के आसपास है। हमीरपुर में 44। 5, तो कांगड़ा, चंबा, नाहन,मंडी आदि में पारा 41 से नीचे आने को तैयार नहीं। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में 122 साल बाद सबसे ज्यादा तापमान 42। 4 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा पंतनगर का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक रहा। मुक्तेश्वर और टिहरी में ऐसी ही स्थिति है। यह समझना होगा कि मौसम के बदलते मिजाज को जानलेवा हद तक ले जाने वाली हरकतें तो इंसान ने ही की हैं। प्रकृति की किसी भी समस्या का निदान हमारे अतीत के ज्ञान में ही है, कोई भी आधुनिक विज्ञान ऐसी दिक्कतों का हल नहीं खोज सकता। आधुनिक ज्ञान के पास तात्कालिक निदान और कथित सुख के साधन तो हैं, लेकिन कुपित कायनात से जूझने में वह असहाय है।

यह गर्मी अब इंसान के लिए संकट बन रही है। राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में इसने हवा की गुणवत्ता को खराब किया है। इसके अलावा लू लगने, चक्कर आने, रक्तचाप अनियमित होने से झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में 200 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। लगातार गर्मी ने पानी की मांग बढ़ायी है और संकट भी। पानी का तापमान बढ़ना तालाब–नदियों की सेहत खराब कर रहा है। एक तो वाष्पीकरण तेज हो रहा है, दूसरा पानी अधिक गरम होने से जलीय जीव–जंतु और वनस्पति मर रहे हैं। तीखी गर्मी भोजन की पौष्टिकता की भी दुश्मन है।

गेंहू, चने के दाने छोटे हो रहे हैं और उनके पौष्टिक गुण घट रहे हैं। तीखी गर्मी में पका हुआ खाना जल्दी सड़ रहा है, फल–सब्जियां जल्दी खराब हो रही हैं। केमिकल लगा कर पकाये गये फल इतने उच्च तापमान में जहर बन रहे हैं। इस बार एक त्रासदी यह है कि रात का तापमान कम नहीं हो रहा, चाहे पहाड़ हो या मैदानी महानगर, बीते दो महीनों से न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक अधिक रहा है। सुबह चार बजे भी लू का एहसास होता है और इसका कुप्रभाव यह है कि बड़ी आबादी की नींद पूरी नहीं हो पा रही। इससे लोगों की कार्य क्षमता पर तो असर हो ही रहा है, शरीर में भी कई विकार बढ़ रहे हैं।

जो लोग सोचते हैं कि वातानुकूलित संयंत्र से वे गर्मी की मार से सुरक्षित है, तो यह भ्रम है। लंबे समय तक एयर कंडीशनर वाले कमरों में रहने से शरीर की नस–नाड़ियों में संकुचन, मधुमेह और जोड़ों के दर्द का खामियाजा जिंदगी भर भोगना पड़ सकता है। इस साल मार्च में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन ने भारत में एक लाख लोगों का सर्वे कर बताया है कि गर्मी/लू के कारण गरीब परिवारों को अमीरों की तुलना में पांच फीसदी अधिक आर्थिक नुकसान होगा। चूंकि आर्थिक रूप से संपन्न लोग बढ़ते तापमान के अनुरूप अपने कार्य को ढाल लेते हैं, पर गरीब ऐसा नहीं कर पाते।

भारत के बड़े हिस्से में दूरस्थ अंचल तक 100 दिन के विस्तार में लगातार बढ़ता तापमान न केवल पर्यावरणीय संकट है, बल्कि सामाजिक–आर्थिक त्रासदी तथा असमानता और संकट का कारक भी बन रहा है।

## बहुत ज्यादा गर्मी है, पिघल जायेंगे जी!

**आलोक पुराणिक**

गर्मी पड़ रही है, इससे ज्यादा फालतू बयान कोई नहीं हो सकता। जून में गर्मी न पड़े, सर्दी पड़े, तो खबर बनती है। हालांकि जून हो या दिसंबर, खास खबर तो यही होती है कि फलांजी इधर से निकल जाने की तैयारी कर रहे हैं, जो मार्च में उधर से निकल कर इधर आये थे। गर्मी आकर जाने का नाम नहीं ले रही, पर यह खबर सबसे बड़ी खबर नहीं है। गर्मी बहुत है, पर बहुत ज्यादा टीवी चैनलों को लगती है। टीवी अगर लगातार देख ले, तो बंदा घर से बाहर निकलने से इनकार कर दे। पिघल जायेंगे, अगर घर से बाहर जायेंगे आप–टाइप खबरें चलती हैं टीवी पर। चैनल वाला तो घर से निकल कर चैनल दफ्तर आकर अपना काम रहा है, हमको डरा रहा है कि पिघल जायेंगे। अभी थोड़ी बारिश हो जाए, तो यही चैनलवाला बताने लगता है कि अभी प्रलय आयेगी और बीस मंजिल की इमारत डूब जायेगी। टीवी चैनलों का काम डराने का है। जीवन एकदम शांत लगने लगता है अगर पांच सात दिन टीवी ना देखो तो।

सरकार चल निकली है। पर सवाल भी चल निकला है कि कब तक चलेगी। जो लोग सरकार चलाने–गिराने में कोई रोल ना रखते, वो भी पूछने लगते हैं कि सरकार कब तक चलेगी। एक आलू की ठेली वाला यही पूछ रहा कि सरकार कब तक चलेगी। मैंने कहा– भाई, बीस साल से तेरी आलू की ठेली चल रही है, मस्त रह। सरकार चल जाये, तो भी तेरा आलू का शोरुम ना हो जायेगा। वो अकड़ गया और बोला– हमारी आलू की ठेली किसी भी सरकार से ज्यादा स्थिर है। यह गठबंधन की ठेली नहीं है। पर इस बार गर्मी वाकई बहुत जबरदस्त है, इसका मुझे पता तब लगा, जब कई एनजीओबाज विद्वान क्लाइमेट चेंज विषय पर सेमिनार में यूरोप गये। ऐसे एक एनजीओबाज को मैंने डपटा कि क्लाइमेट चेंज की वजह से गर्मी यहां पड़ रही है लद्दूखेड़ा में और तुम लंदन में सेमिनारबाजी मचा रहे हो। यहीं देखो, कैसी समस्या है जमीन पर। पर एनजीओबाज यह सुनने के लिए जमीन पर ना रुका, वह उड़ लिया।

क्लाइमेट चेंज पर सेमिनार का धंधा चल निकला है। सरकारें सेमिनार कराने के लिए भर भर के ग्रांट देंगी। सरकारों की यह अदा भी कमाल होती है। समस्या हल ना हो रही है, पर समस्या पर सेमिनारबाजी कराना कोई समस्या नहीं है। पानी की भीषण समस्या है, लो जी इस विषय पर पांच सेमिनार सुन लो।

# पुष्पा 2: द रूल की रिलीज की तारीख से उठा पर्दा, अल्लू अर्जुन का नया पोस्टर भी जारी

साल की मच अवेटेड फिल्म पुष्पा 2: द रूल की अब नई रिलीज डेट आ गई है. ऐसे में अब दुनिया भर में फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस अब अपने कैलेंडर में 6 दिसंबर, 2024 को नई प्रीमियर डेट के रूप में मार्क कर सकते हैं.

फिल्म के मेकर्स ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नई रिलीज डेट की अनाउंसमेंट कर दी है. इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के पोस्टपोन होने की वजह भी साझा की है. उन्होंने यह बताया है कि वह चाहते हैं की फिल्म बिना किसी क्वालिटी कंप्रोमाइज के एक बेहतरीन सिनेमैटिक एक्सपीरियंस दें. इस चीज को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें फिल्म को पूरा करने के लिए और ज्यादा वक्त चाहिए.



पुष्पा 2 पिछले दो सालों से मच अवेटेड फिल्मों में से एक रही है, जिसे लगातार चार्ट में टॉप पर देखा गया है. फ़िल्म की पॉपुलैरिटी ऊंचाई को छू रही है, इसके गाने और टीज़र ने नेचुरल तरीके से 100 मिलियन व्यूज़ को पार किया है.

हाल ही में, मास जथरा टीज़र, एनर्जेटिक पुष्पा पुष्पा टाइटल सॉन्ग, और रोमांटिक ट्रैक अंगारों यूट्यूब पर बड़े हिट रहे हैं. साथ ही यह सभी सबसे लंबे समय तक टॉप 10 में ट्रेंड करते नजर आए हैं. इतना ही नहीं इन एसेट्स ने रियल यूनिवर्स में भी जबरदस्त सक्सेस हासिल की है, इनपर सबसे ज्यादा यूजर जेनरेटेड कंटेंट बनाए गए हैं. फिल्म पहले 15 अगस्त 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब सोच विचार के बाद फिल्म को 6 दिसंबर 2024 के रूप में नई रिलीज डेट दी गई है.

मैथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स के साथ मिलकर पुष्पा 2: द रूल को प्रोड्यूस किया है, जबकि मेस्ट्रो सुकुमार ने इसे डायरेक्ट किया है. इस फिल्म में आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और वर्सेटाइल एक्टर फहद फासिल लीड रोल्स में हैं.

## बॉक्स ऑफिस पर हॉरर–कॉमेडी फिल्म मुंज्या ने लगाई लंबी छलांग

आदित्य सरपोतदार डायरेक्टेड हॉरर कॉमेडी फिल्म मुंज्या बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड ब्रेक कमाई कर रही है. फिल्म ने अभी तक तकरीबन 40 करोड़ कमाई की है. मुंज्या बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त परफॉर्म कर रही है. 9वें दिन फिल्म की कमाई में 80 प्रतिशत ग्रोथ देखने को मिली है. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, फिल्म ने दूसरे शनिवार को बंपर कमाई की है. फिल्म ने 6.75 करोड़ का कलेक्शन किया है. फिल्म का टोटल कलेक्शन 47 करोड़ हो गया है. फिल्म रविवार को ही 50 करोड़ क्लब में एंट्री ले लेगी. बता दें कि फिल्म ने शुक्रवार को 3.75 करोड़ की कमाई की थी. मालूम हो कि फिल्म ने पहले दिन 4 करोड़ की कमाई की थी. फिल्म ने अच्छी शुरुआत की और पहले शनिवार को 7.25 करोड़ और पहले रविवार को 8 करोड़ कमाए. मुंज्या ने ओपनिंग वीकेंड पर 19.25 करोड़ का बिजनेस किया था. फिल्म में मोना सिंह, शरवरी वाघ और अभय वर्मा मुख्य किरदारों में हैं. लोगों को फिल्म की कहानी काफी पसंद आ रही है.

ये फिल्म मैडॉक के सुपरनैचुरल यूनिवर्स का हिस्सा है. इसमें स्त्री, रूही और भेडिया जैसी फिल्में शामिल हैं. अब मेकर्स ने स्त्री 2 की भी अनाउंसमेंट कर दी है.

# टी—20 विश्व कप 2024: भारत बनाम अफगानिस्तान मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और आंकड़े

नईदिल्ली, टी–20 विश्व कप 2024 के 43वें मैच में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना अफगानिस्तान क्रिकेट टीम से 20 जून को होगा। यह दोनों टीमों का सुपर–8 का पहला मुकाबला होगा।भारतीय टीम ने ग्रुप स्टेज के सभी चारों मैच में जीत दर्ज की है। हालांकि, उनके सामने अफगानिस्तान की कठिन चुनौती होगी।राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान टीम ने अपने ग्रुप में 3 मैच जीते थे। टी–20 क्रिकेट में भारत और अफगानिस्तान के बीच 8 मुकाबले खेले गए हैं। भारतीय टीम को इस दौरान 7 मैच में जीत मिली है और 1 मुकाबले में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।अफगानिस्तान की टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है। टी–20 विश्व कप में ये दोनों टीमें पहली बार आमने–सामने होंगी।आखिरी बार साल 2023 में



दोनों टीमों के बीच मुकाबला हुआ था। उसे भारतीय टीम ने 8 विकेट से जीता था।

अब तक इस विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रही भारतीय टीम अपने प्लेइंग इलेवन में बड़ा बदलाव नहीं करना चाहेगी। हालांकि, टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली की फॉर्म अभी भी चिंता का विषय है।रिपोर्ट्स हैं कि कुलदीप यादव को खेलने का मौका मिलेगा।संभावित एकादशः रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रविंद्र जडेजा/कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज।

अफगानिस्तान को अपने पिछले मुकाबले में वेस्टइंडीज के खिलाफ करारी हार मिली थी। ऐसे में वह इस प्रदर्शन को भूलाकर भारतीय टीम को कड़ी टक्कर देना चाहेंगे।

एक बार फिर टीम के गेंदबाजों पर दारोमदार होगा। बेहद संतुलित नजर आ रही अफगानी टीम रहमानुल्लाह गुरबाज से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।संभावित एकादशः रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, गुलबदीन नईब, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, नजीबुल्लाह जादरान, करीम जनत, राशिद खान (कप्तान), नूर अहमद, नवीन–उल–हक और फजलहक फारूकी।

# राम पोथिनेनी और संजय दत्त की फिल्म डबल इस्मार्ट की रिलीज डेट आई सामने, 15 अगस्त को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल इस्मार्ट इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। पुरी जगन्नाध की डबल आईस्मार्ट स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म निर्माता और चार्ममे कौर के बैनर पुरी कनेक्ट्स द्वारा समर्थित इस फिल्म में राम पोथिनेनी मुख्य भूमिका में हैं।



फिल्म निर्माता पुरी जगन्नाध की आगामी फिल्म डबल इस्मार्ट 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने आज शनिवार को इसकी घोषणा की है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए राम पोथिनेनी ने फिल्म की रिलीज का जानकारी दी है। डबल इस्मार्ट पांच भाषाओं– तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज की जाएगी।

निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए रिलीज डेट की जानकारी दी है। फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है, जो दर्शकों को काफी पसंद आया था। अब लोगों को फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार है। टीजर की बात करें तो एक मिनट 26 सेकंड के वीडियो में राम पोथिनेनी और संजय दत्त की दमदार झलक देखने को मिली।

## केन विलियमसन ने छोड़ी न्यूजीलैंड की कप्तानी, केंद्रीय अनुबंध भी ठुकराया

नईदिल्ली, टी–20 विश्व कप 2024 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। टीम सुपर–8 में भी नहीं पहुंच पाई। ऐसे में सफेद गेंद की क्रिकेट में कीवी टीम के कप्तान केन विलियमसन ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने कप्तानी छोड़ दी है और इसी के साथ केंद्रीय अनुबंध भी ठुकरा दिया है।विलियमसन टेस्ट क्रिकेट की कप्तानी पहले ही छोड़ चुके हैं। हालांकि, वह तीनों प्रारूप खेलते हुए नजर आएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस बात की पुष्टि की है कि विलियमसन अगले 8 टेस्ट मुकाबले खेलते नजर आएंगे। ये सभी मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाएंगे।इसके अलावा वह पाकिस्तान की सरजमीं पर अगले साल फरवरी–मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भी न्यूजीलैंड के लिए बतौर बल्लेबाज खेलते नजर आ सकते हैं।

# इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और आंकड़े

नईदिल्ली,टी–20 विश्व कप 2024 के 42वें मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम का सामना वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम से 20 जून को होगा।कैरेबियाई टीम ने ग्रुप स्टेज के अपने सभी चारों मैच में जीत दर्ज की है। हालांकि, उनके सामने गत विजेता इंग्लिश टीम की कठिन चुनौती रहने वाली है।बता दें कि जोस बटलर की कप्तानी में इंग्लिश टीम ने ग्रुप स्टेज में 2 मैच जीते थे।अब तक दोनों टीमों के बीच मुकाबले में वेस्टइंडीज का पलड़ा भारी रहा है।टी–20 प्रारूप में दोनों टीमें 29 मैचों में आमने–सामने हुई है, जिसमें से 12 मैच इंग्लैंड ने जीते हैं और 17 मैच कैरेबियाई टीम ने जीते हैं। पिछली 6 भिड़ंत में से 4 में वेस्टइंडीज ने जीत दर्ज की है।आखिरी बार 2023 में दोनों टीमें भिड़ी थी, जिसमें वेस्टइंडीज ने 4 विकेट से जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड ने अपने पिछले मैच में नामीबिया को डक वर्थ लुईस पद्धति की बदौलत 41 रन से हराया था।

उस मैच में हैरी ब्रूक ने नाबाद 47 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा जॉनी बेयरस्टो के बल्ले से भी रन निकले थे।गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर के प्रदर्शन पर नजरें रहेंगी।संभावित एकादशः फिलिप सॉल्ट, जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, मोइन अली, लियाम लिविंगस्टोन, सैम कर्रन, क्रिस जॉर्डन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद और रीस टॉपले।

वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने पिछले मैच में 98 रन की पारी खेली थी। वह इंग्लैंड के खिलाफ भी अपनी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे।पिछले मुकाबले में 3 विकेट लेने वाले ओबेद मैककॉय भी कमाल करना चाहेंगे।

## एक नजर

### आज से देखें गढ़वाली फिल्म बथौं

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** शहर के प्रेक्षागृह में गुरुवार से गढ़वाली फिल्म बथौं दिखाई जाएगी। पौड़ी में प्रेसवार्ता में फिल्म की लेखक, निर्माता व निर्देशक उर्मि नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबैरो घाम गढ़वाली फिल्म का पार्ट 2 बथौं फिल्म बनाई गई है। पहाड़ की मुख्य समस्या पलायन की पीड़ा को दिखाती यह फिल्म बनाई गई है। लंदन, थाईलैंड, फ्रांस आदि देशों में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवलों में इस फिल्म को 24 से अधिक पुरस्कार मिल चुके हैं।

### लोगों को सौर ऊर्जा से जोड़े : डॉ. रावत

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के सभागार में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को अलग-अलग विभागों के अधिकारियों के साथ विधानसभा के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बीडीओ ने विकासखंडो में बनाए जाने वाले प्रधानमंत्री आवास, विधायक निधि से होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी। डॉ. रावत ने अधिकारियों से शतप्रतिशत लोगों को आयुष्मान कार्ड से जोड़े जाने, गांवों की स्कूलों, घाटों, आंगनबाड़ी आदि के रास्ते को मजबूत और गुणवत्तापरक के साथ बनाये जाने, पंचायत भवनों को अतिक्रमण से मुक्त रखने, अधिक से अधिक लोगों को सौर ऊर्जा से जोड़े जाने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिये। (एजेंसी)

### राज्य आंदोलनकारी सावत्री को दी श्रद्धाजंलि

श्रीनगर गढ़वाल : पूर्व सैनिक सेवा कल्याण समिति श्रीकोट गंगानाली के पूर्व अध्यक्ष हयात सिंह झिंक्वाण की पत्नी राज्य आंदोलनकारी 78 वर्षीय सावित्री झिंक्वाण का निधन हो गया। सावित्री लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहीं थीं, बुधवार सुबह अपने आवास पर अंतिम सांस ली। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व सैनिक सेवा कल्याण समिति के अध्यक्ष दर्शन सिंह भण्डारी, भूपेंद्र सिंह पटवाल, अनुसूया प्रसाद मलासी, बलदेव सिंह नेगी, उदय सिंह, हर्ष बर्धन सिंह, हरेन्द्र सिंह, संजय सिंह, सुनील गुसाईं आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

### केदारनाथ में लगाया एलसीडी टीवी

रूद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम में पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है। आस्था पथ से लेकर मंदिर परिसर तक यात्री लाइन में खड़े होने में परेशानी न समझे, इसके लिए कई जगहों पर पर्यटन विभाग की मदद से एलसीडी लगाई गई है ताकि यात्री शिव महिमा का वर्णन देख और सुन सके। जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि जिला प्रशासन की पहल पर केदारपुरी में एलसीडी टीवी लगाया है। (एजेंसी)

### हल्की बारिश से मिली राहत

रूद्रप्रयाग : बीते कई दिनों से मुख्यालय सहित जनपद के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश न होने से लोग गर्मी से परेशान थे। लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं। बुधवार दोपहर बाद आसमान में बादल छाए तो सभी को उम्मीद थी कि अच्छी बारिश होगी, लेकिन अपेक्षा के अनुरूप बारिश नहीं हुई। गर्मी के चलते सम्पूर्ण जनपद में पानी का संकट गहरा गया है। जबकि बीते कई सालों का गर्मी का रिकार्ड भी टूट गया है। नगर में ही 40 डिग्री से अधिक तापमान रहा है ऐसे में अब लोग अब अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। (एजेंसी)

### असेना में कूड़ा घर निर्माण शुरू

नई टिहरी : नगर पंचायत घनसाली और चमियाला को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए असेना में आवंटित भूमि पर कार्य शुरू हो गया है। ठोस अपशिष्ट प्लांट स्थापित हो जाने के बाद नपं घनसाली और चमियाला को कूड़े से निजात मिल जायेगी। वर्तमान में दोनों नगर पंचायतों का कूड़ा घनसाली-बूढाकेदार यात्रा मार्ग पर डंप किया जा रहा है। जिससे यात्रियों व स्थानीय लोगों के साथ ही बालगंगा डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं को कूड़े से उठने वाली बदबू और गंदगी के कारण आना-जाना दूभर हो रखा है। वहीं, कूड़ा सीधे भिलंगना नदी में गिरने से नदी प्रदूषित हो रही है। (एजेंसी)

### एसडीआरएफ टीम ने ट्रैक पर फंसे 4 युवक बचाएं

रूद्रप्रयाग : जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह चार युवक चोपता से देवरिया ताल ट्रैक के लिए निकले थे। रास्ते में भारी बारिश के कारण वे आगे नहीं बढ़ पाए। रात करीब नौ बजे रुद्रप्रयाग पुलिस से एसडीआरएफ को पर्यटकों के फंसने की सूचना मिली।

# लाखों खर्च फिर भी बदहाल पड़ा है सिद्धबली पार्क

### बच्चों के खेलने के लिए लगाए गए झूले व ओपन जिम भी टूटा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गर्मी के मौसम में सूर्योदय से पूर्व व सूर्योदय के बाद शहरवासी अपने बच्चों को लेकर पार्क में खेलने के लिए निकलते हैं। लेकिन, सिद्धाबली मार्ग के समीप लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी पार्क बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है। हालत यह है कि बच्चों के खेलने के लिए लगाए गए झूले व ओपन जिम का सामान भी पूरी तरह टूट चुका है। साथ ही पार्क से कूड़ेदान व गमले भी गायब हो चुके हैं। पार्क की बदहाली के कारण शहरवासियों को इसका बेहतर लाभ नहीं मिल पा रहा है। साल 2021 में कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग के बजट से सिद्धबली पार्क का जीर्णोद्धार करवाया गया था। इसके लिए बकायदा पार्क में दस लाख रुपये खर्च कर बच्चों का ओपन जिम भी तैयार किया गया। लेकिन, वर्तमान में पार्क अपनी पुरानी स्थिति में पहुंच चुका है। पार्क के सौदर्यीकरण के लिए लगाए गए गमले व टाइल्स भी गायब हो चुके हैं। हालत यह है कि शाम ढलते ही पार्क असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। शहरवासी श्याम सिंह, मीना देवी ने बताया कि कई बार बच्चों के झूलों में बड़े व्यक्ति भी झूलने लगते थे। जिससे वह टूट चुके हैं। कहा कि शहरवासियों की सुविधा को देखते हुए पार्क को बेहतर बनाया जाना चाहिए।



सिद्धबली मार्ग में टूटे पड़े झूले

### धूमधाम के साथ मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में आनुषंगिक संगठनों द्वारा 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

बुधवार को यह जानकारी देते हुए जिला प्रभारी दिनेश जुयाल ने बताया कि 21 जून को संस्था की विभिन्न स्थानों पर संचालित हो रही कक्षाओं सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, व्यापार मंडल, सामाजिक संगठनों, स्कूली छात्र-छात्राओं और निरंकारी मिशन, आर्य समाज से जुड़े लोग सुबह पांच से सात बजे तक मालवीय उद्यान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। गुरुवार को मालवीय उद्यान में योग संबधी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

## झाड़-फूंक के नाम पर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : झाड-फूंक के नाम पर महिला से दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पीड़िता की ओर से इस संबंध में लैंसडौन पुलिस को शिकायत दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि कोटद्वार आमपड़ाव निवासी सलमान उर्फ समशी पुत्र अफजालु रहमान ने झाड-फूंक के नाम पर उनके साथ दुष्कर्म किया। महिला उपनिरीक्षक रचना रानी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। बताया कि बुधवार को आरोपी सलमान को लैंसडौन बाजार से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### गौशाला में लगी आग, मवेशियों की मौत

**जयन्त प्रतिनिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत पदमपुर मोटाढांक पातीराम कॉलोनी स्थित एक गौशाला में आग लगी गई। आग लगने से गौशाला में बंधी तीन मवेशियों की मौत हो गई। पशुपालक कृष्ण कुमार ने अपने मवेशियों के लिए घर के समीप घास-पूस की गौशाला बनाई हुई थी। दोपहर के समीप अचानक गौशाला के एक हिस्से से धुंआ निकलने लगा। मौके पर पहुंचे तो गौशाला का अधिकांश हिस्सा जल चुका था। देखते ही देखते आग इतनी तेज हुई कि गौशाला में बंधी मवेशी भी उसकी चपेट में आ गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन, तब तक मवेशियों की मौत हो चुकी है। पीड़ित ने शासन-प्रशासन से उसे मुआवजा देने की मांग की है। कहा कि गाय का दूध बेचकर ही वह अपने परिवार का पालन पोषण करते थे।

## ग्रामीणों ने अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश




**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल के अंतर्गत ग्राम डांगी में प्लास्टिक मुक्त गांव को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्राकृतिक जल स्रोत, सुलभ शौचालय और पशुओं के लिए बनाई चरी की सफाई की गई।

ग्राम प्रधान डांगी भगवान सिंह चौहान एवं स्वच्छता ग्रहरी जगमोहन डांगी के नेतृत्व में बुधवार को प्राकृतिक जल स्रोत के आस-पास झाड़ियां काटी गई और प्राकृतिक जल स्रोत के मूल निकासी के पास सफेद मिट्टी का लेप लगाया गया, ताकि पानी का रिसाब न हो। ग्राम प्रधान भगवान सिंह ने बताया कि गर्मियों में भारी संख्या में प्रवासी गांव आते है। इसलिए प्राकृतिक जल स्रोत का रख-रखाव और सार्वजानिक सुलभ शौचालयों का साफ रखा जाता हैं। समाजिक कार्यकर्ता एवं पीएलवी जगमोहन डांगी ने बताया कि माह में दो बार गांव में युवाओं और महिलाओं की सहभागिता से स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। ताकि पर्यावरण संरक्षण के लिए अन्य गांवों को एक संदेश दिया जा सके। स्वच्छता अभियान में वन पंचायत सरपंच अर्जुन लिंग्वाल, पूर्व सैनिक शिशुपाल सिंह चौहान, लखन सिंह रावत, अशीष चौहान, बृंदा रावत, सरोजनी देवी, पुष्पा देवी, आशा देवी, आनंदी देवी, सुशीला देवी, सतेश्वरी देवी, वीरेंद्र सिंह, दिनेश नेगी आदि ने सहयोग किया।

## कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला, घोटाले का आरोप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उद्यान विभाग में घोटाले का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का दावा करने वाली भाजपा के कार्यकाल में लगातार घोटाले निकलकर सामने आ रहे हैं। उन्होंने उद्यान मंत्री गणेश जोशी के इस्तीफे की भी मांग उठाई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने झंडाचौक में सरकार का पुतला दहन किया।

वक्ताओं ने कहा कि सरकार की शह में भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा उद्यान विभाग में करोड़ों का घोटाला किया गया। साथ ही फलदार पौधों की खरीद में गड़बडियां की गई। कहा कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। उत्तराखंड में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। पुतला दहन करने वालों में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय रावत, सेवादल के महानगर अध्यक्ष महावीर सिंह रावत, विजय नारायण सिंह, धर्मपाल सिंह बिष्ट, बृजपाल सिंह नेगी, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सुधा असवाल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।




कोटद्वार में प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेसी

## पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी का जन्म दिवस पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने आमजन को पौधे वितरित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की अपील भी की।

जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में पौधा वितरण अभियान चलाया गया। कहा कि राहुल गांधी के संघर्ष से ही आज कांग्रेस एक महत्वपूर्ण विपक्ष की भूमिका में निकलकर सामने आई है। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा है। राहुल गांधी जनता के मुद्दों को लेकर सदैव संघर्ष करते रहते हैं। इस दौरान कार्यकर्त्ताओं व पदाधिकारियों ने बेस अस्पताल में मरीजों को फल भी वितरित किए। इस मौके पर रंजना रावत, दिलवर प्रताप, बलवीर सिंह, गोपाल सिंह गुसाईं, नीलम रावत, प्रवेश रावत, विमलेश नेगी, चंद्रमोहन सिंह असवाल, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, महानगर नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से राहुल गांधी के जन्मदिन पर केक काटा गया। पदाधिकारियों ने राहुल गांधी की दीर्घायु के लिए भी कामना की।



राहुल गांधी के जन्मदिवस पर पौधों का वितरण करते कांग्रेसी

### योग अनुदेशक महासंघ करेगा योग दिवस का विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : योग अनुदेशक महासंघ ने योग दिवस का मौन विरोध करने की चेतावनी दी है।

महासंघ ने कहा कि उनकी मानेदय संबंधी मांग पर अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है, जिस कारण महासंघ में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में महासंघ ने सचिव आयुष को भी पत्र भेजा है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल रावत ने बताया कि योग अनुदेशक बेहद कम मानेदय पर विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यही नहीं महिला-पुरुष अनुदेशकों के वेतन में भी असमानता है। इस संबंध में कई बार सरकार से वार्ता हुई, लेकिन समस्या हल नहीं हो पाया।

## पानी के बिलों में 50 फीसदी छूट की उठाई मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** उपभोक्ताओं ने पानी के बिलों में 50 प्रतिशत की छूट देने की मांग की। उपभोक्ताओं ने इस संबंध में जल संस्थान के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

बुधवार को शहर के विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग जल संस्थान कार्यालय पहुंचे। उन्होंने ईई को ज्ञापन देते हुए कहा कि पिछले करीब तीन माह से शहर में पेयजल किल्लत से उपभोक्ता परेशान हैं। एक दिन छोड़कर उपभोक्ताओं को पेयजल मिल रहा है। कहा कि जल्द ही शहर में पेयजल आपूर्ति सुचारू की जाए। उपभोक्ताओं को बिलों में 50 फीसदी की छूट दी जाए। इस मौके पर आह्वान संस्था की अध्यक्ष प्रियंका थपलियाल, छात्रसंघ अध्यक्ष ऋत्विक असवाल, व्यापारी विनय शर्मा, प्रवीण असवाल, नितिन रावत, भारत भूषण, देवांश, वंश, गौतम, काकू, कमलेश आदि शामिल रहे।

### व्यक्ति का शव मिला

श्रीनगर गढ़वाल : जीवीके डैम अलकनंदा नदी में बुधवार को पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। कोतवाली प्रभारी कीर्तिनगर देवराज शर्मा ने बताया कि जीवीके डैम अलकनंदा नदी में अज्ञात शव मिला है। जिसे जल पुलिस और एसडीआरफ की मदद से निकाला गया। बताया कि शव के शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। (एजेंसी)

### शलाका परीक्षा व न्याय शास्त्र प्रशिक्षण में मुक्ता ने मारी बाजी

नई टिहरी : श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के प्रशिक्षण वर्ग में उदयनाचार्य के ग्रंथ न्यायकुसुमांजलि का अध्ययन कराया गया। श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में मुक्ता एस और सहाना जेएन ने शास्त्रार्थ में भाग लिया। शलाका परीक्षा में मुक्ता एस प्रथम रहीं। न्याय शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग में प्रथम स्थान पर मुक्ता एस व द्वितीय स्थान पर सुधन्वा, तृतीय स्थान पर सत्यप्रमोद एचवी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम, मुख्य अतिथि साहित्य विभाग संयोजिका प्रो चंद्रकला आर कोंडी तथा विशिष्ट अतिथि साहित्य विभाग प्राध्यापक डॉ. शैलेंद्र नारायण कोटियाल ने विद्यार्थियों को नगद राशि व प्रमाण पत्र प्रदान किये। अखिल भारतीय शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग के राष्ट्रीय संयोजक प्रो. कुलदीप शर्मा ने बताया कि भविष्य में हर परिसर में ऐसे शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर ब्रह्मानंद मिश्रा, डॉ. अरविंद सिंह गौर, पंकज कोटियाल, डॉ. वीरेंद्र सिंह बर्त्वाल, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. श्रीओम शर्मा, डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. मनीष आर्या, डॉ. शैलेंद्र प्रसाद उनियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## बेस्ट प्लास्टिक से बदली पार्क की सूरत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम की ओर से सोलिड एवं वेस्ट प्लास्टिक मैनेजमेंट को लेकर एक सकारात्मक पहल की गई है। नगर आयुक्त वैभव गुप्ता की पहल पर निगम कार्यालय के समीप स्थित मालवीय उद्यान पार्क की बेस्ट प्लास्टिक से सूरत बदल दी गई है।

नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने पार्क का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पार्क के सॉलिड-वेस्ट प्लास्टिक से सौंदर्यीकरण के माध्यम से आम जन को कूड़े को इधर-उधर नहीं फेंकने के लिए प्रेरित किया जायेगा। वेस्ट मैटीरियल से अच्छी चीजें भी बनाई जा सकती हैं। मौके पर निगम की ओर से पूर्व में आयोजित सीनियर और जूनियर छात्र-छात्रा वर्ग के चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किए गए। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिन सफाई कर्मियों का वार्ड सबसे साफ और कार्य संतोषजनक रहा उन सभी कर्मियों को सामूहिक रूप से प्रोत्साहन राशि के रूप में पचास हजार रुपये का चेक दिया गया।



पार्क उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद नगर आयुक्त व अन्य


## कार्यालयः- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल

पत्रांक :- 760/कर0अनु0/द्रोण0सर्वे/01-40 तक/2024-25 दिनांक 19.06.2024

### सार्वजनिक सूचना

विषय - नगर निगम कोटद्वार क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित सम्पत्तियों के जी0आई0एस0 सर्वे के सम्बन्ध में।

शहरी विकास निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा मैसर्स रामटेक सॉफ्टवेयर साल्यूशन प्रा0लि0 को नगर निगम कोटद्वार क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित सम्पत्तियों के जी0आई0एस0 सर्वे हेतु अधिकृत किया गया है। समस्त नगर निगम कोटद्वार के सम्मानित निवासियों से अनुरोध है कि दिनांक 20.06.2024 से सर्वे का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। अतः उक्त सर्वे हेतु टीम का सहयोग करे एवं सही विवरण उपलब्ध करायें जिससे आपकी सम्पत्ति का सही विवरण नगर निगम अभिलेखों में दर्ज किया जा सके। यह सर्वे पूर्णतः निःशुल्क है।

(चन्द्रशेखर शर्मा)
सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।


## जनपद के समस्त चिकित्सा इकाइयों में सिकल सेल दिवस मनाया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम जनमानस को जागरूक करने हेतु जनपद के समस्त चिकित्सा इकाइयों में सिकल सेल दिवस मनाया गया। सिकल सेल उन्मूलन अभियान में जनपद के जनजाति बाहुल्य दुगड्डा, यमकेश्वर, कोट, खिर्सू में बुधवार को सिकल सेल जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों की रक्त जांच की गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया लाल रक्त कोशिकाओं में होने वाली एक अनुवांशिक बीमारी है, जिसके कारण लाल रक्त कोशिका का आकार अर्धचंद्र या हंसिया जैसा हो जाता है। एनीमिया यानि खून की कमी, आंखों में पीलेपन के साथ-साथ बदन में तेज दर्द, कोहनी व घुटनों में सूजन, बार-बार बुखार आना सिकल सेल के लक्षण हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2047 से पहले सिकल सेल रोग उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत सिकल सेल रोगियों के उपचार व देखभाल में सुधार करना, स्क्रीनिंग तथा जागरूकता की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। सिकल सेल रोग उन्मूलन मिशन के अंतर्गत गत वर्ष से जनजाति आबादी में शून्य से चालीस आयु वर्ग की स्क्रीनिंग की जा रही है। जिसके अंतर्गत जनपद में 2448 लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अभी तक 1278 लोगों की सिकल सेल की जांच की जा चुकी है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने 19 जून से 3 जुलाई तक होने वाले सिकल सेल जागरूकता अभियान पर लक्षित क्षेत्र में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए है।



### डुमैला मल्ला के सिविल जंगलों में फिर लगी आग

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** आग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। आग से जहां वन संपदा को नुकसान हो रहा है, वहीं पेयजल स्रोत भी सूख रहे है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में विभाग के प्रति आक्रोश हैं। डुमैला मल्ला निवासी गिरीश रावत ने बताया कि बुधवार सुबह जंगल में किसी व्यक्ति ने आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने कहा कि तीसरी बार इस जंगल में आग लग गई है। यदि समय रहते विभाग द्वारा आग पर काबू नही पाया गया तो आग धीरे-धीरे रगड़ीगाड़, नाकुरी, रिखाड़, सिंदुडी की ओर बढ़ जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार सिविल जंगलों में आग लगने से पानी के स्रोत भी सूख गए हैं।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर भण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है । निविदा की धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या | 50-DRM-MB-24-25, dt. 14.06.2024 |
| कार्य का नाम | Hiring and operating MUV 04 nos for USFD team at SPN, BE, NBD & CH under DEN/Track/MB. |
| निविदा का प्रकार | Service |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 16.07.2024 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 hrs |
| अनुमानित लागत | 64,13,330.26 |
| धरोहर राशि | 1,28,300.00 |
| टेंडर फार्म की लागत | 5,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 02.07.2024 |

टेन्डर नं. 75/W/2/3/WA/DEN/Track/T. Notice दिनांक 18.06.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1845/24

## एक नजर

### मसूरी में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

देहरादून। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी झेल रहे मसूरी में बुधवार दोपहर बाद राहत की बारिश हुई। दोपहर बाद करीब ढाई बजे मौसम के करवट बदलते ही आसमान में काले बादल छा गए और कुछ ही देर में झमाझम बारिश के साथ तेज हवाएं चलने लगीं। इससे मौसम सुहाना हो गया। इस दौरान मसूरी घूमने आए देश विदेशी पर्यटक मौसम का लुफ्त लेते दिखे। इस पहले मसूरी में दिनभर धूप खिली रही, जिससे यहां काफी गर्मी हो रही थी। पंजाब से मसूरी घूमने आई जसप्रीत कौर ने बताया कि यहां पर सुबह से लेकर दोपहर ढाई बजे तक काफी तेज धूप थी, गर्मी भी काफी लग रही थी। बारिश की वजह से गर्मी से काफी राहत मिली है। वहीं, धनोल्टी में भी झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। यहां काश्तकारों को भी बारिश से बड़ी राहत मिली है। बारिश नहीं होने की वजह से फसलें खराब हो रही थीं। स्थानीय दुकानदार देवेंद्र बेलवाल ने बताया कि धनोल्टी में हुई झमाझम बारिश से फसलों को भी फायदा होगा और मौसम भी काफी अच्छा हो गया है।

### रवि बडोला हत्याकांड को लेकर आज देहरादून बंद का ऐलान

देहरादून। रवि बडोला हत्याकांड के बाद विभिन्न संगठनों के लोगों में आक्रोश है। मूल निवासी भू कानून समन्वय समिति ने बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर गुरुवार को देहरादून बंद का ऐलान किया है। समिति ने जनता से बंद को सफल बनाने का आह्वान किया है। समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि उत्तराखंड में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं, यहां लोग सुरक्षित नहीं हैं।

यहां के मूल निवासियों का उत्पीड़न कर उनकी हत्या की जा रही है। आरोप लगाया कि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं, उनको राजनीतिक दलों का संरक्षण प्राप्त है, जिस कारण उनके हौसले बुलंद हैं। कहा कि समिति ने गुरुवार को देहरादून बंद का ऐलान किया है। उन्होंने सभी से बंद में सहयोग देने की अपील की है। कहा कि यह उत्तराखंड के अस्तित्व और वजूद को बचाने की लड़ाई है। कहा कि बंद के माध्यम से रवि बडोला हत्याकांड केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने, उनकी पत्नी को स्थायी नौकरी देने, घायलों को बीस–बीस लाख रुपये मुआवजा देने के साथ ही उनका मुफ्त इलाज देने की मांग की जाएगी।

### 23 जून को पेड़ों को बचाने के लिए तिरंगे के साथ निकालएंगे पैदल मार्च

देहरादून। न्यू कैंट रोड पर पेड़ों को बचाने के लिए 23 जून को तिरंगे के साथ पैदल मार्च निकलेगा। बुधवार को प्रेस क्लब में पर्यावरण बचाओ आंदोलन से जुड़े लोगों ने पेड़ों को काटने का पुरजोर विरोध किया। साथ पेड़ों के कटने से बढ़ रहे पर्यावरणीय संकट के बारे में बताया। पर्यावरणविद् डॉ. रवि चोपड़ा ने कहा कि देहरादून में जिस तरह से पेड़ों का कटान हो रहा है, उसका परिणाम दिखने लगा है। इस बार तापमान 43 डिग्री से ज्यादा पहुंचाया है और आने वाले समय में संकट और बढ़ेगा। कहा कि अंतरराष्ट्रीय लापरवाही की वजह से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। आठवीं सदी की तुलना पिछले एक साल में तापमान डेढ़ डिग्री सेंटीग्रेट तक बढ़ चुका है।

यही हाल रहे तो 2030 तक देहरादून का तापमान 50 डिग्री तक चला जाएगा। पेड़ों के कटान से ना केवल तापमान बढ़ रहा है, बल्कि कई दुष्परिणाम इसके सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देहरादून में विकास के नाम पर लगातार पेड़ों का कटान हो रहा है। हम इसका निरंतर विरोध कर रहे हैं, बावजूद पेड़ों के कटान पर लगाम नहीं लग रही। देहरादून और आसपास के क्षेत्र में 31 हजार 750 पेड़ या तो कट चुके हैं या फिर कटने की कगार पर हैं।

### शिवसेना ने स्थापना दिवस पर किया पशु भंडारा

देहरादून। शिवसेना संगठन के 58 वें स्थापना दिवस पर शिवसेना जिला देहरादून कार्यकारिणी ने राज्य उप प्रमुख सुमित सिंघल के नेतृत्व में पशु भंडारे का आयोजन डाट काली मंदिर के समीप किया।

शिवसेना कार्यकर्ताओं ने जंगल में तमाम तरह के फल जानवरों के लिए रखे। खासकर बंदरों ने इस पशु भंडारे का लुत्फ लिया। पशुओं को तरबूज और केलो के साथ ही पानी की भी व्यवस्था की गई। इस सेवा में मुख्य रूप से कुलभूषण राणा जिला उप प्रमुख, नितिन रावत जिला सचिव, वैभव सिंह जिला उप प्रमुख, जितेंद्र राघव जिला मीडिया सचिव, दीपक दत्त, आशीष और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ नहीं होगा समझौता : महाराज

**-जिला योजना में किया वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 67.35 करोड़ का अनुमोदन**

**-भूजल स्तर का साइंटिफिक आंकलन करने के बाद ही हैंडपंप एवं नलकूप लगाएं**



**जयन्त प्रतिनिधि। हरिद्वार :** जनपद प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज की अध्यक्षता में सीसीआर सभागार में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति द्वारा जिला योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद के लिए कुल प्रस्तावित परिव्यय 67.35 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन किया गया। प्रभारी मंत्री श्री महाराज ने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएगा, खराब गुणवत्ता की शिकायत आने पर तत्काल कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जनपद प्रभारी मंत्री ने विधायक की शिकायत पर एक रोड निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने जल संस्थान एवं नलकूप विभाग के अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा कि तेजी से गिरते भूजल स्तर का साइंटिफिक आंकलन करने के बाद ही हैंडपंप एवं नलकूप लगाए जाएं और घटते भूजल स्तर को ध्यान में रखते हुए ही हैंड पंप एवं नलकूप्स की गहराई निर्धारित की जाएं, ताकि कोई भी नल सूख न सके। उन्होंने निर्देश दिए कि नलकूप खण्ड अतिरिक्त मोटर अपने पास सुरक्षित रखे, ताकि मोटर खराब होने पर उसे तत्काल बदला जाए। उन्होंने जल संस्थान के अभियंताओं को निर्देश दिए कि पेयजल से संबंधित शिकायतें प्राप्त नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि एवं कृषि आधारित कार्यों में पानी की बचत वाली नवीनतम तकनीकियों का समावेशन किया जाए, ताकि पानी कम से कम खर्च हो। बैठक में जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि वार्षिक जिला योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा जनपद हरिद्वार का परिव्यय धनराशि 67.35 करोड़ निर्धारित की गई है। इस वर्ष जिला योजना में अनुसूचित जाति उपयोजना (एससीपी) मद में 1404.56 लाख रूपये यानि 14.0456 करोड़ की धनराशि तथा अजनजातीय उपयोजना (एसटीपी) मद में 33.50 लाख रूपये तथा सामान्य मद में 5297.60 लाख रूपये की धनराशि रखी गई है। शासन द्वारा विगत वर्ष के सापेक्ष जनपद–हरिद्वार के परिव्यय में 8 प्रतिशत धनराशि की वृद्धि की गई है। बैठक में राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, विधायक आदेश चौहान, ममता राकेश, अनुपमा रावत, रवि बहादुर सिंह, फुरकान अहमद, मौ. शहजाद, बीजेपी जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, शौभाराम प्रजापति, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, सीएमओ डॉ. मनीष दत्त, मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता, डीएसटीओ एन ध्यानी सहित समिति सदस्य व सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा ने की चुनाव प्रबंधन समितियां गठित

चमोली : भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गोपेश्वर में बुधवार को बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए पार्टी ने चुनाव प्रबंधन समिति की दृष्टि से 23 विभिन्न समितियों का गठन किया गया है।

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र हटवाल ने बताया चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। विधानसभा उप चुनाव के लिए विधानसभा चुनाव संयोजक का दायित्व वरिष्ठ नेता भगवती नंबूरी को सौंपा गया है। विधानसभा प्रभारी विजय कपरूवान ने उपचुनाव प्रबंधन समिति की घोषणा की। भारतीय जनता पार्टी चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में भाजपा जिला प्रभारी कुन्दन परिहार, विधानसभा उप चुनाव प्रभारी विजय कपरूवान, राज्य मंत्री चंडी प्रसाद भट्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रघुबीर बिष्ट, नगर पंचायत पीपल कोटी के पूर्व अध्यक्ष रमेश बंडवाल, जोशीमठ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र रावत, जिला पंचायत सदस्य योगेन्द्र सेमवाल, पूर्व प्रमुख ठाकुरसिंह राणा, डॉ. मातवर रावत, भाजपा नेता राजेंद्र ममगांईं, ईश्वर झिंकवान, गुड्डु लाल, गजपाल बर्तवाल, तारेंद्र थपलियाल, महावीर रावत, मनोज कुमार, भुवन शाह, रंजन रावत, जिला उपाध्यक्ष भाजपा मनोज भंडारी, जिला कोषाध्यक्ष मोहन नेगी, जिला मंत्री भाजपा लक्ष्मण फरकिया, प्रदेश प्रवक्ता युवा मोर्चा मयंक पंत, मंडल अध्यक्ष बल्लभ थपलियाल, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र, जिला महामंत्री कुलदीप वर्मा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

# बद्रीनाथ उप चुनाव : अब तक 10 प्रत्याशियों ने लिए नामांकन



**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** बुधवार को बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिए। एआरओ बद्रीनाथ राजकुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार को उत्तराखण्ड क्रांति दल के बच्चीराम उनियाल, निर्दलीय मुकुन्द सिंह व निर्दलीय विरेन्द्रपाल सिंह ने नामांकन पत्र लिए।

वहीं अब तक 10 प्रत्याशी नामांकन पत्र ले चुके हैं, जिसमें भाजपा के प्रत्याशी राजेन्द्र भण्डारी, कांग्रेस के लखपत बुटोला, सैनिक समाज पार्टी के हिम्मत सिंह, आम आदमी पार्टी के दिलवर सिंह फर्स्वाण, निर्दलीय सुनील हटवाल, देवेन्द्र सिंह राणा व नवल खाली यूकेडी के बच्चीराम उनियाल, निर्दलीय मुकुन्द सिंह व निर्दलीय विरेन्द्रपाल सिंह ने नामांकन पत्र लिया है। वहीं अभी तक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र जमा नहीं किया है।

# चमोली में उप चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन



**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** जनपद चमोली में विधानसभा उप चुनाव की तैयारियां जोरों पर है। जिला प्रशासन शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए दिन-रात जुटा है। उप चुनाव के लिए जिले में 10 जून से आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। आगामी 10 जुलाई को बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए मतदान होगा।

बद्रीनाथ विधानसभा में 102145 मतदाता पंजीकृत है। इसमें पुरुष 52485, महिला 49658 तथा 02 थर्ड जेंडर है। इसके अतिरिक्त 2566 सर्विस मतदाता है। बद्रीनाथ विधानसभा में 990 दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 734 मतदाता है। अपने बूथ तक जाने में जो दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं सक्षम नहीं है, तो उनको होम वोटिंग की सुविधा भी रहेगी। बद्रीनाथ विधानसभा के अंतर्गत कुल 210 मतदेय स्थल बनाए गए है। उप चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने बद्रीनाथ विधानसभा में 08 जोनल एवं 53 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए है। इसके अतिरिक्त 03 वीडियो निगरानी टीम, 03 उड़नदस्ता, 06 स्थैतिक निगरानी, 01 वीडियो अवलोकन टीमें बनाई गई है। बद्रीनाथ विधानसभा के अंतर्गत 06 शैडो एरिया है। जहां पर कोई भी नेटवर्क नहीं है। इन मतदेय स्थलों पर जिला प्रशासन द्वारा सेटेलाइट फोन की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा उप चुनाव में इस बार 210 मतदेय स्थलों में से 105 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था भी की गई है। बद्रीनाथ विधानसभा के अंतर्गत सबसे दूरस्थ मतदेय स्थल डुमक है।

# विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में जन प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण

**जिला योजना के लिए 58 करोड़ 17 लाख 10 हजार का परिव्यय अनुमोदित**



**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न विकास परक योजनाओं के लिए उपलब्ध प्रस्तावों के संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराए प्रस्तावों पर चर्चा की गई अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती अमरदेई शाह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला योजना समिति की बैठक आहूत की गई, जिसमें विभागवार प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जन प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी विभागीय अधिकारी गंभीरता से कार्य करते हुए योजना के प्रस्ताव जिला योजना समिति में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जो आम जनमानस से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं उन योजनाओं के प्रस्ताव प्रमुखता से शामिल किया जाए तथा सभी अधिकारी पारदर्शिता के साथ कार्य योजना तैयार करें। जिससे कि आम जनमानस को योजनाओं का लाभ उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि, सिंचाई, सड़क आदि विभागों की योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए। कहा कि जनपद के चहुंमुखी विकास के लिए सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसमें सभी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने कहा कि जनपद रुद्रप्रयाग के लिए वर्ष 2024-25 के लिए शासन द्वारा 58 करोड़ 17 लाख 10 हजार रुपए का परिव्यय अनुमोदित किया गया है, जिसमें विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं को गति प्रदान की जानी है।

### आराकोट अस्कोट अभियान यात्रा पहुंची गोपेश्वर

चमोली : आराकोट अस्कोट अभियान यात्रा अपने तेइसवें पड़ाव में बुधवार को गोपेश्वर पहुंची। जहां चिपको आंदोलन की मातृ संस्था दशोली ग्राम स्वराज्य मंडल गोपेश्वर में अभियान दल ने अनुभव साझा किए। समाज, जल, जीवन और जंगल के इन जीवंत मुद्दों पर लोगों से संवाद किया। अपनी बात करने के साथ ही दल के सदस्यों ने लोगों की बात भी सुनी। गोपेश्वर में जल ने सर्वोदय केंद्र में गोष्ठी आयोजित की। दल का नेतृत्व कर रहे प्रो. शेखर पाठक ने अभियान के बारे में जानकारी दी और कहा कि 1974 में हिमालय और उसके गांवों को जानने के लिए चार युवाओं जिसमें स्वयं वे भी शामिल थे अभियान की शुरूआत की थी। पाठक ने कहा कि अभियान आज समाज सेवियों, छात्रों और शोधार्थियों के साथ ही हर गांव तक व्यापक हो गया है। यात्रा में वे पिछले दस वर्षों में उस क्षेत्र की परिस्थितिकी के साथ ही कृषि और सामाजिक तथा आर्थिक क्षेत्र में क्या-क्या परिवर्तन आया है, सभी का अध्ययन किया जाता है।

# विरासत और संस्कृति की रक्षा करना सभी का कर्तव्य : शंकराचार्य

चमोली : ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द का कहना है कि विरासत और संस्कृति की रक्षा करना हम सब का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। बुधवार को मीडिया से बातचीत में शंकराचार्य ने कहा बदरीनाथ धाम की मर्यादा बनाए रखते हुए विकास कार्य होना चाहिए। भव्यता के लिए देवभूमि की दिव्यता प्रभावित नहीं होनी होनी चाहिए।

शंकराचार्य ने कहा कि बदरीनाथ धाम में भगवान साक्षात विराजमान रहते हैं। यहां जो भी विकास कार्य हों उससे किसी भी तीर्थ, मन्दिर और परम्पराओं को कोई क्षति नहीं पहुंचनी चाहिए। बदरीनाथ में कूर्म धारा और प्रह्लाद धारा की वर्तमान समय में दयनीय स्थिति पर उन्होंने चिन्ता जताई। कहा कि इन धाराओं के माध्यम से भगवान बदरीविशाल का सीधा आशीर्वाद भक्तों को मिलता था। ये धाराएं रुकी रहेंगी तो भगवान का आशीर्वाद कैसे मिलेगा। अपने कल्याण के लिए प्रशासन और सरकार को इस पर तत्काल ध्यान देकर इन धाराओं को निर्बाध रूप से बहने देना चाहिए। बता दें बदरीनाथ मास्टर प्लान के तहत चल रहे निर्माण कार्य के तहत अभी कूर्म और प्रह्लाद धारा तक का पहुंच मार्ग क्षतिग्रस्त हो रखा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बदरीनाथ में चल रहे मास्टर प्लान कार्य के तहत खुर्द बुर्द होने से इन पवित्र जल धाराओं का जल भी निरंतरता से प्रवाहित नहीं हो रहा है। (एजेंसी)

# बीआरओ सड़कें दुरस्त करें : एडीएम

नई टिहरी : अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा ने बीआरओ के कमांडर को पत्र भेजकर ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर मानसून शुरू होने से पूर्व तत्काल गड्ढे भरने, स्लिप और बोल्डर हटाने, नालियां खोलकर जल निकासी की सही व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि डीएम मयूर दीक्षित ने बरसात शुरू होने से पूर्व ऋषिकेश-गंगोत्री, ऋषिकेश-बदरीनाथ, चारधाम वैकल्पिक मार्ग, जिला मार्ग और नगर निकाय क्षेत्रों की सड़कों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए हैं।

एडीएम केके मिश्रा ने बताया कि चारधाम यात्रा इन दिनों चरम पर है। कुछ दिन में उत्तराखंड में मानसून दस्तक देने वाला है। ऐसे में यात्रा मार्गों के अलावा जिले के प्रमुख मोटर मार्गों को दुरूस्त किया जाना जरूरी है। एडीएम के अनुसार ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर कई स्थानों पर हाईवे पर गड्ढे बने हुए हैं। जबकि मलबा, स्लिप और बोल्डर भी हाईवे पर पड़े हुए हैं।

### कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्म दिन

चमोली : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन बदरीनाथ विधान सभा उप चुनाव जीत के संकल्प के रूप में मनाया। बुधवार को गोपेश्वर कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व एमएलसी पृथ्वीपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राहुल का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष योगेंद्र बिष्ट, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, सूर्य प्रकाश पुरोहित, मनीष नेगी, गिरीश आर्य, संदीप झिंक्वाण आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

### लक्ष्मी और शिवानी सेना में बनीं अफसर

चमोली : गोपेश्वर राजकीय नर्सिंग कालेज की तीसरे बैच की बीएससी नर्सिंग की दो छात्रा लक्ष्मी और शिवानी ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर चमोली जिले और उत्तराखंड का गौरव बढ़ाया है। राजकीय नर्सिंग कालेज गोपेश्वर की प्राचार्य डॉ. ममता कपरवाण ने बताया कालेज में सभी छात्र-छात्राएं बहुत ही होनहार और मेहनती हैं। भारतीय सेना के अलावा भी देश के उच्च संस्थानों में भी छात्र-छात्राएं अपनी सेवाए दे रहे हैं। पूर्व केबिनेट मंत्री राजेंद्र सिंह भंडारी का कहना है कि जनपद में उच्च संस्थान खोलने का जो सपना था उसे आज हमारी बेटियां पूरा कर रही हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की भी सराहना करते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्र में भी बच्चों को बेहतरीन तरीके से शिक्षा मिलती है जिसका परिणाम लेफ्टिनेंट लक्ष्मी और शिवानी जैसी बेटियां मुकाम हासिल करते हुए जनपद का नाम रोशन करती हैं। (एजेंसी)

# योग के साथ ही नियमित दौड़ स्वास्थ्य के लिए लाभदायक




**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अंतर्गत जनपद में काउंटडाउन कार्यक्रम के अन्तर्गत रन फॉर योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान से शुरू हुई दौड़ बाजार एवं स्कूल से होते हुए क्रीड़ा मैदान में ही समाप्त हुई। विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रघुवीर सिंह पाल ने रन फॉर योगा कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि योग के साथ ही नियमित दौड़ एवं वर्जिश हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। रन फॉर योगा कार्यक्रम क्रीड़ा मैदान से राजकीय प्राथमिक विद्यालय, अगस्त्युमनि बाजार से होते हुए वापस क्रीड़ा मैदान अगस्त्यमुनि में समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में आयुर्वेद, युवा कल्याण, जिला क्रीड़ा विभाग के कार्मिकों के साथ ही जीजीआईसी अगस्त्यमुनि के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया। समस्त प्रतिभागियों को जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा योगा टी-शर्ट, प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. अशोक कुमार तिवारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी वरद जोशी, मनोज सिंह चौहान, राधिका, प्रधानाचार्य जीजीआईसी रागिनी नेगी जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सिकल सेल उन्मूलन को जागरूकता पर जोर



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में 'विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस' पर जागरूकता गोष्ठियों का आयोजन किया गया। वहीं, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा लक्षित समुदायक के मध्य पहुंच कर सिकल सेल उन्मूलन के लिए जरूरी व्यवहार अपनाने के लिए जागरूक किया।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं ने बताया कि सिकल सेल जागरूकता दिवस पर जनपद के जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत लक्षित जनजाति आबादी वाले गांवों में विशेष अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा डुंगर, सेलमा कौंथा व अन्य गांवों में सिकल सेल रोग विज्ञान, सिकल सेल रोग के कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं जैसे एनिमिया, दर्द, अंग क्षति, गर्भावस्था की जटिलताएं, सिकल सेल जांच व निदान की जानकारी देते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सिकल सेल को लेकर सेवाओं की जानकारी दी व सिकल सेल से जुड़े विभिन्न तथ्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जनपद के जनजाति बाहुल्य विकासखंड ऊखीमठ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल सजवाण ने बताया कि जनजाति आबादी में इस बीमारी के होने की आशंका अधिक रहती है। जिसके दृष्टिगत सिकल सेल रोग उन्मूलन मिशन के अंतर्गत जनजाति आबादी वाले जनपद के गांव पठाली, डुंगर, सेमला, कैंथा में शून्य से चालीस आयु वर्ग के सभी लोगों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें कोई भी व्यक्ति सिकल सेल रेग से पीड़ित नहीं पाया गया। बताया कि जनजाति गांवों में निवास कर रहे जनजाति परिवारों के निकटवर्ती निवास कर रहे लोगों की भी जांच की गई, जो सभी स्वस्थ पाएं गए। मुख्य संदर्भव्यक्ति डॉ. आकाश दरमोड़ा ने सिकल सेल रोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कहा कि सिकल सेल लाल रक्त कोशिकाओं के विरूपण से होने वाला एक रोग है, जो अनुवांशिक बीमारी है। सिकल सेल रोग से लाल रक्त कोशिका का आकार अर्द्ध चंद्र या हंसिया जैसा हो जाता है। एनिमिया यानी खून की कमी, आंखों में पीलेपन के साथ-साथ बदन में तेज दर्द, कोहनी व घटनो में सूजन, बार-बार बुखार आना सिकल सेल के लक्षण हैं। इस अवसर पर व्यापार संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव भट्ट, काउंसलर आरकेएसके विपिन सेमवाल, आरबीएसके मैनेजर सुमन, एनटीईपी डीपीसी मुकेश बगवाड़ी, समाज कल्याण विभाग से एकता आदि मौजूद।

### विद्युत शार्ट सर्किट से लगी जंगल में आग

चमोली : मेहलचौंरी स्थित विद्युत उपकेंद्र में तारों में हुए शार्ट सर्किट से जंगल में लगी आग को वन विभाग और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तीन घंटे की कड़ी मेनहत के बाद काबू पा लिया गया। वन क्षेत्र अधिकारी का कहना है कि इस संबंध में उपकेंद्र को नोटिस भेजा जा रहा है। मंगलवार देर देर शाम तेज हवाओं के चलने के उपरांत सब सेंटर के बिजली के तारों में शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से मेहलचौंरी-थाला के जंगल में आग लग गई। जो देखते ही देखते चीड़ के जगल में फैल गई। सूचना पर वन विभाग के दरोगा अवतार सिंह रावत, जंगवीर बिष्ट, हरेन्द्र बिष्ट, पिंकी देवी, गजेन्द्र सिंह आदि थाला गांव के निवासियों की मदद से करीब 10 बजे रात जंगल की आग पर काबू किया जा सका।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी **नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com